हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 26 मई 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 विभागों की निष्क्रियता से बदौरा का जंगल बना अपराधियों ...



13 बस्तर क्षेत्र के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में ...



## खबर संक्षेप

### झांकी में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवागढ़।** गांव झांकी में रविवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गजानंद साहू (22 ) पिता प्रेमलाल साहू के रूप में हुई है। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सुबह करीब 10 बजे वह खाना खाने के बाद छत पर बने कमरे में सोने चला गया था। दोपहर तक जब वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। भीतर से कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। अंदर गजानंद की लाश फंदे पर लटकी मिली। उसने पंखा लटकाने के हुक में रस्सी बांधकर फंदा बनाया और आत्मघाती कदम उठा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक की मौत से गांव में शोक का माहौल है।

### सशक्त एप की मदद से बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** चोरी के मामले पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। सशक्त एप की मदद से पुलिस ने एक चोरी गई मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई है। जानकारी के मुताबिक 22 मार्च को बेमेतरा निवासी 70 वर्षीय मनहरण साहू ने थाना बेमेतरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी हीरो होंडा सीडी डीलक्स बाईक जिसकी अनुमानित कीमत 10,000 रुपये है, को अज्ञात आरोपी ने 22 और 23 मार्च की मध्यरात्रि में चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर थाना बेमेतरा में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान सशक्त एप के जरिए वाहन की लोकेशन का पता लगाकर पुलिस ने आरोपी साधु यादव (46 वर्ष), निवासी बींजरा (थाना भाठापारा, जिला बलौदाबाजार, हाल पता कोहका, तिल्दा-नेवरा, रायपुर) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया और उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दुलेश्वर चंद्रवंशी, उप निरीक्षक शैल शर्मा, आरक्षक कमलेश साहू समेत अन्य स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

### बंधन बैंक के 13 खातों में ऑनलाइन ठगी

**भिलाई।** अपने बैंक खाते का उपयोग ठगी के लिए दिए जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई की। बंधन बैंक स्मृतिनगर के 13 खातों में संदिग्ध लेनदेन की खबर है। करीब 1.61 लाख रुपए का लेनदेन हुआ है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध धारा 317(2),317(4), 318(4), 61(2) ए बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों में प्रेम प्रकाश बांधे उम्र 19 साल निवासी हरिनगर कातुलबोर्ड दुर्ग, फैजल अहमद उम्र 24 साल निवासी रामनगर सुपेला, देवेन्द्र कुमार गुप्ता उम्र 22 वर्ष निवासी वैशाली नगर शामिल है। सायबर फ्राड में ठगी की रकम 52716 रुपए एवं खाता में कुल ट्रांजेक्शन 161084 रुपए होना पाया गया है। उपरोक्त तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान उप पुलिस अधीक्षक शिल्पा साहू, निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम, उप निरीक्षक नवीन राजपूत, नीलकमल सलामे, राजेन्द्र गिरी मौजूद थे।

# फिर मंडराया कोरोना का खतरा, बेमेतरा जिला स्वास्थ्य विभाग रहे अलर्ट मोड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


कोविड-19 एक बार फिर छत्तीसगढ़ में दस्तक दे चुका है। राज्य के कुछ हिस्सों में कोरोना संक्रमण के नए मामलों की पुष्टि होते ही प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। जिला बेमेतरा में भी एहतियातन प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टर कार्यालय से जारी एक महत्वपूर्ण आदेश में सभी सरकारी अस्पतालों को स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त रखने और पर्याप्त दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संबोधित पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोविड-19 के मरीज छत्तीसगढ़ में पाए गए हैं। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता और दवाओं की उपलब्धता सर्वोपरि हो जाती है।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को दिए सख्त निर्देश, सभी सरकारी अस्पतालों में रहे पूरी तैयारी

### जनता से की गई सावधानी बरतने की अपील

प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे सतर्क रहें, भीड़भाड़ से बचें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। हालांकि अभी तक जिले में कोई पुष्टि मामला सामने नहीं आया है, लेकिन तैयारियों को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।



### फिर लौटेगी मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग की व्यवस्था?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हालात बिगड़ते हैं तो मास्क पहनना और सामाजिक दूरी जैसे नियम फिर से अनिवार्य किए जा सकते हैं। बेमेतरा में पिछले कोरोना लहरों के दौरान प्रशासन की सख्ती और तत्परता को लेकर सराहना हुई थी, और इस बार भी प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार दिख रहा है।

### सरकारी अस्पतालों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश

कलेक्टर ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों को निर्देशित किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्टाफ, दवाइयों और संसाधनों की पूरी तैयारी रखें। पत्र में विशेष रूप से कहा गया है कि समस्त शासकीय अस्पतालों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## आरोपी युवक ने मोटरसाइकिल के टूटे किक और पैरदान से सिर कुचलकर मार डाला

# तेंदुवा में रंजिश के कारण युवक की हत्या, आरोपी चंद घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम तेन्दुवा में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही युवक ने 23 वर्षीय देवराज वर्मा की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने किसी धारदार हथियार या बंदूक का नहीं, बल्कि टूटी मोटरसाइकिल की किक और पैरदान का इस्तेमाल किया। सिर और चेहरे पर इतने वार किए गए कि मृतक की पहचान करना भी मुश्किल हो गया। पुलिस ने महज कुछ घंटों में आरोपी को धर दबोचा।

- देवराज और सुनील के बीच जमीन को लेकर विवाद कई सालों से जारी था

### पहले गाली-गलौज, फिर किया जानलेवा हमला

घटना से कुछ देर पहले आरोपी सुनील वर्मा नशे की हालत में देवराज के घर पहुंचा था। वहां उसने गाली-गलौज की, जिससे दोनों के बीच झड़प हुई। परिजनों के बीच-बचाव के बाद सुनील चला गया, लेकिन उसके मन में रंजिश की आग सुलग रही थी।





कुछ ही देर बाद जब देवराज अपने नए घर की ओर अकेले निकला, तब सुनसान रास्ते में उस पर जानलेवा हमला कर दिया गया।

**घटना के बाद घर जाकर सो गया आरोपी:** वारदात को अंजाम देने के बाद सुनील अपने घर चला गया और आराम से सो गया, जैसे कुछ हुआ ही न हो। गांव में सुबह जब देवराज की लाश मिली, तब पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

**पुलिस ने ससुराल से पकड़ा आरोपी को:** घटना के बाद आरोपी अपने ससुराल, ग्राम कामता भाग गया था। लेकिन नवागढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अलील चंद और संबलपुर चौकी प्रभारी एएसआई रघुवीर सिंह की टीम ने तत्परता दिखाई और कुछ ही घंटों में आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने हत्या करना कबूल किया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टूटी मोटरसाइकिल, किक, पैरदान व अन्य साक्ष्य जब्त कर लिए गए हैं।

### पुरानी रंजिश थी, मौका मिलते ही जान ले ली

थाना प्रभारी अलील चंद ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि देवराज और सुनील के बीच पूर्व में जमीन और आपसी विवाद को लेकर तनाव था। गांव में पहले भी इनके बीच कहासुनी हो चुकी थी।

### मृतक के भाई की रिपोर्ट पर दर्ज हुआ मामला

देवराज के बड़े भाई मनोज वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुनील वर्मा पिता फिरंता वर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया है।

### ग्रामीणों ने पुलिस की सराहना की

इस त्वरित कार्रवाई में थाना नवागढ़ व संबलपुर चौकी की संयुक्त पुलिस टीम ने बेहतरीन तालमेल और सतर्कता दिखाई। टीम में उपनिरीक्षक अलील चंद, एएसआई रघुवीर सिंह, जितेंद्र कश्यप, सउनि तुलसीराम बिझेकर, प्रधान आरक्षक गोपाल ध्रुव, आरक्षक राहुल दुबे, भूपेंद्र चंद्रवंशी शामिल रहे। ग्रामीणों ने पूरी टीम की खुले दिल से सराहना की।

### गांव में मातम, परिवार सदमे में

देवराज की हत्या से गांव में शोक की लहर है। मृतक की मां और भाई बेसुध हैं। ग्रामीणों ने घटना को 'सुनियोजित हत्या' बताते हुए आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है।

# ग्राम साजन के खार में पुलिस की दबिश 6 जुआरी गिरफ्तार, 1.62 लाख बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में जुए, सट्टा और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक और बड़ी सफलता मिली है। सायबर सेल बेमेतरा की सटीक सूचना और तकनीकी निगरानी के चलते पुलिस ने ग्राम साजन के खार इलाके में संचालित जुए के ठिकाने पर बड़ी कार्रवाई की। शनिवार शाम करीब 5 बजे सायबर सेल और थाना खम्हरिया की संयुक्त टीम ने नदी किनारे छापा मारकर 6 जुआरियों को रंगेहाथ पकड़ लिया, जबकि कुछ आरोपी मौके से भाग निकले। पकड़े गए आरोपियों के पास से 1,62,500 रुपये नकद और 52 पत्ती ताश जब्त की गई।

- बेमेतरा में नदी किनारे खुले में चल रहा था जुआ, कुछ आरोपी फरार

### तकनीक से मिली सफलता

बेमेतरा सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक मयंक मिश्रा को तकनीकी माध्यम से संदिग्ध मोबाइल लोकेशन और नेटवर्क गतिविधियों की जानकारी मिली थी। सूचना को पुष्टि के बाद थाना खम्हरिया को अलर्ट किया गया। दोनों टीमों ने मिलकर मौके की घेराबंदी की और रेड डाली।

**खुले में चल रहा था काट पत्ती का खेल :** ग्राम साजन के हरिराम बोर बाड़ी के पास, नदी किनारे कुछ लोग खुले में 'काट पत्ती' नामक ताश का खेल खेलते पाए गए। आरोपी आमजनों के बीच अवैध रूप से पैसा लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को देखकर कुछ लोग अंधेरे और खेतों का फायदा उठाकर भाग निकले, लेकिन छह लोगों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। ▶▶| शेष पेज 13 पर

# शराब नहीं पिलाने पर बुजुर्ग की बेदम पिटाई की, उपचार के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

थाना बेरला क्षेत्र के ग्राम पाहंदा में एक युवक ने शराब पिलाने से मना करने पर बुजुर्ग की लात-घूंसों और पत्थर से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। बेरला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला हत्या की धाराओं में दर्ज किया गया है।



**22 मई की शाम को हुआ था विवाद:** ग्राम पाहंदा निवासी रमेश कुमार साहू (67) गांव के ही युवक दीपक निषाद (22) के साथ थे। जानकारी के मुताबिक, दीपक ने रमेश साहू से शराब पिलाने को कहा। जब रमेश ने मना किया, तो दीपक आगबबूला हो गया। उसने पहले तो गाली-गलौच की, फिर जान से मारने की धमकी देते हुए लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसने ▶▶| शेष पेज 13 पर

### हत्या की धाराएं जोड़ी गईं

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बेरला प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने तत्परता दिखाते हुए टीम गठित की। पहले मामूली धाराओं में केस दर्ज था, लेकिन मर्ग जांच में मृतक के शरीर पर गंभीर चोटें और गवाहों के बयान के आधार पर धारा 103(1) बीएनएस (हत्या) जोड़ी गई। आरोपी दीपक निषाद को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी, आरक्षक रामेश्वर पटेल, खुशाल बोरकर, सुरेंद्र जांगड़े, धनसाय मिरे, बीरेंद्र साहू, टीकेंद्र यादव समेत अन्य स्टाफ का भी योगदान रहा।

# थान खम्हरिया से फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस को शाबासी, दूसरे मामले में फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

जिले में कानून व्यवस्था को लेकर दो अलग-अलग घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

एक ओर खम्हरिया क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोपी देवेंद्र यादव को नवागढ़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया, जिस पर पुलिस टीम को इनाम और प्रशंसा मिल रही है। दूसरी ओर, सोनपुरी गांव में 11 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास और फिर नृशंस हत्या के तीन महीने बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी सोहन राजपूत पुलिस की पकड़ से बाहर है।



**नवागढ़ में कामयाबी – पुलिस टीम को मिलेगा इनाम:** खम्हरिया थाना क्षेत्र में एक युवती से दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे देवेंद्र यादव (32), निवासी देवरी, को नवागढ़ और चंदनू पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। इस सफलता पर नवागढ़ थाना प्रभारी अलील चंद, चंदनू टीआई आरके कश्यप सहित पूरी टीम को 5,000 रुपये नकद इनाम और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता और समन्वय का अच्छा उदाहरण मानी जा रही है।

**सोनपुरी की मासूम को अब तक नहीं मिला इंसाफ**

तीन महीने पहले सोनपुरी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई थी। गांव की 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई, और जब वह बचने की कोशिश कर रही थी, तो उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। ▶▶| शेष पेज 13 पर


## शिशु मंदिर में भव्य आयोजन की तैयारी पूर्ण

# नवागढ़ में पांच दिनी अध्यात्म कथा सरिता आज से 30 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर नवागढ़ में आज से आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने वाला भव्य आयोजन पंचदिवसीय अध्यात्म कथा सरिता प्रारंभ हो रहा है। यह आयोजन 26 से 30 मई तक नगर के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष आयोजन की थीम है — धर्म ही जीवन का आधार।

समिति सदस्य मिंटू बिसेन, सौरभ ताम्रकार, और रमेश चौहान ने जानकारी दी कि आयोजन की शुरुआत आज शाम 5 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी। यह यात्रा राम मंदिर से निकलेगी और मानाबंद तालाब से पवित्र जल लेकर शिशु मंदिर पहुंचेगी, जहां पूजा-अर्चना और विधिविधान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस कलश यात्रा में महिलाएं, श्रद्धालु और आयोजक गण पारंपरिक वेशभूषा और भजन-कीर्तन के साथ



सहभागिता करेंगे। आयोजन में परम पूज्य योगेश्वरानंद महाराज मुख्य वक्ता के रूप में पूरे पांचों दिन उपस्थित रहेंगे।

उनके साथ पं. नागेश्वर तिवारी (वाराणसी), पं. ध्रुव शर्मा, सागर महाराज और प्रदीप शर्मा प्रभुजी जैसे विद्वान धर्म, वेदांत, भक्ति और कर्मयोग जैसे विषयों पर प्रवचन देंगे।

धार्मिक आयोजन के दौरान प्रतिदिन संगीतमय भजन-कीर्तन, सत्संग, प्रवचन, सामूहिक प्रार्थना और आरती का आयोजन होगा। 27 मई को विशेष रूप से श्रीराम नाम संकीर्तन और तुलसी विवाह की प्रस्तुति दी जाएगी, जबकि समापन दिवस 30 मई को अमृतवाणी, उपनिषद व्याख्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजन का समापन होगा। धर्म सभा के सदस्य देवेन्द्र धर दीवान, शेखर शर्मा, मिलाप साहू ने बताया कि यह आयोजन समाज में धर्म, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश देने वाला है। उन्होंने श्रद्धालुओं से इस शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नगर को धार्मिक रंग में सजाया गया है। धर्म प्रेमियों में उत्साह का माहौल है और नगरवासी श्रद्धा से आयोजन में भाग लेने को आतुर हैं।

# झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं की स्मृति में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में शहीद नेताओं को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आशीष छाबड़ा ने कहा कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी की वह घटना हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायक और भावनात्मक क्षण था, जब हमने अपने मार्गदर्शक नेताओं को खो दिया। उन्होंने कहा कि यदि आज वे हमारे बीच होते तो कांग्रेस और अधिक मजबूती से जनता के हक में लड़ रही होती।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास बलिदानों से भरा पड़ा है। चाहे वह राष्ट्रीय स्तर के नेता हों या प्रदेश स्तर के कार्यकर्ता, सभी ने जनहित में अपने प्राणों की आहुति दी है। कांग्रेस का हर सच्चा सिपाही इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जनसेवा के लिए तत्पर रहता है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री ललित विश्वकर्मा, जनपद उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सूची प्रभात, पार्षद रश्मि फणेन्द्र मिश्रा, योगिता साहू, दिनेश पटेल, पूर्व पार्षद मनोज शर्मा, रुबी सलूजा, रोमन वर्मा, सीताराम यादव, खूबी वर्मा, बलवंत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नवागढ़ और नेवसा सोसायटी में सूखत के नाम पर 84 लाख रुपए की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला सहकारी केन्दिय बैंक के अधीन आने वाले नवागढ और नेवसा सोसायटी में दो साल के अंदर 84 लाख रूपए से अधिक की गडबडी कर राज्य शासन के खजाने को नुकसान पहुंचाया गया है। बैंक ने इस मामले को लेकर प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

उल्लेखनीय हैं कि, इन दोनो सोसायटी में प्रबंधक के प्रभार पर रहे कर्मचारी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड से राशि निकालकर करीब एक करोड 80 लाख रूपए की गडबडी किए जाने पर आरोप पत्र भी जारी किया गया है। वही नवागढ और नेवसा सोसायटी में ही फिर से शार्टेज के नाम पर 84 लाख रूपए की गडबडी किए जाने की जानकारी आई है। शाखा नवागढ़ से सम्बद्ध नवागढ़ एवं नेवसा समिति के प्रभार के दौरान समिति प्रबंधक नरेन्द ठाकुर थे। समिति द्वारा जारी किए गए आरोप पत्र में कहा गया है कि, आपके द्वारा समर्थन मूल्य धान खरीदी का कार्य किया गया है, आपके द्वारा वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में धान खरीदी कार्य के दौरान समितियों में आवश्यक व्यवस्था नहीं कराया गया, जिसके कारण अत्यधिक शार्टेज हुआ है एवं समितियों को आर्थिक अनुसान पहुंचाया गया है।

## जांच में पुष्टिः नवागढ़ और नेवसा सोसायटी में बारदाने में भी 28 लाख रुपए का घोटाला

### समिति के बैठक में दस्तावेजों की की गई जांच

नवागढ और नेवसा सोसायटी में वर्ष 2019-20 में 30 लाख 3271 रूपए और 2020-21 में दोनो सोसायटी में 54,73,221.84 रु. की अनियमितता मिली है। जबकि शासन उक्त वर्ष में 3 प्रतिशत धान शार्टेज पर छूट भी दिया गया है। उसके बावजूद आपके कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता से समिति को आर्थिक क्षति पहुंची है। समिति नवागढ़ में 30 जनवरी 2021 का अवलोकन में वर्ष 2020-21 में क्रय किये गये वस्तु की राशि भुगतान नियम विरुद्ध तरीके से राशि किया गया। वही बैठक 30 जनवरी 2021 के प्रस्ताव कतरी गिट्टी का बिल राशि 13,80,900-रु. धान उकाई 15300-रु. डेडस्टॉक 2.96.000-रु. एवं अन्य मदों में भी अत्यधिक खर्च कर कुल 39,00,183-रु. का बिल भुगतान किया गया है। इसके बाद बैठक 31 अगस्त 2021 की जांच में पता चला कि, धान परिवहन अतिरिक्त हमाली राशि 1 लाख 85175 रुपए एवं बारदाना खरीदी राशि 15 लाख भुगतान किया गया है, जो कि संदेहास्पद है।




### आरोप पत्र जारी

नवागढ और नेवसा समिति प्रबंधक को जांच के बाद आरोप पत्र जारी किया गया है। जवाब मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। **-एसके जोशी,** सीईओ जिला सहकारी बैंक दुर्ग

### नेवसा समिति में भी मिली खामियां

समिति नेवसा के प्रबंधकारिणी की बैठक 22.जुलाई 2021 के प्रस्ताव में किसान राशि 20 लाख 11559 भुगतान नियम प्रक्रिया का पालन किये बगैर किया गया है, जो कि संदेहास्पद है। इसी प्रकार बैठक 15 फरवरी 2022 में कई मदों में अनावश्यक खर्च किया जाना पाया गया। जिससे समिति को वित्तीय हानि हुई है। इस तरह एक ही प्रबंधक द्वारा दोनो समिति में प्रभार के दौरान शार्टेज और बारदाने में 84 लाख से अधिक का चूना राज्य शासन को लगाया गया है। दोनो सोसायटी में सिर्फ बारदाने का ही 28 लाख वसूली निकल रहा हैं।

## खबर संक्षेप



### वार्डों में जल जमाव से बचने हो रही सफाई

**दुर्ग।** वार्ड 46 पद्मनाभपुर क्षेत्र वार्ड में महासफाई अभियान चलाकर नालियों की तले से सफाई कराई गई। अभियान का निरीक्षण कर रहे निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने साथ चल रहे अधिकारियों को वार्ड की छोटी व टूटी नालियों की मरम्मत के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता महा अभियान को प्राथमिकता दी जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नालियों में कचरा न डालें और नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सहयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर वार्ड में नियमित निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नए बन रहे सुआ चौक स्थित अटल परिसर का निर्माण पूरा सफाई करवाकर कार्य जल्द चालू किया जाए। इस अवसर पर विवेकानंद सभागार क्षेत्र, सुआ चौक, जनता मार्केट, एमआईजी कालोनी सहित अन्य क्षेत्र के नालियों की तले से सफाई कराई गई। उन्होंने कहा लगातार शहर के हर एक वार्डों में नाले-नालियों की पर सफाई युद्धस्तर पर की जा रही है। यह बारिश से पहले जल जमाव की स्थिति से बचने की तैयारी की जा रही है।

### जयंती पर स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**दुर्ग।** अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती 21 से 31 मई तक आयोजित किए जाने का शासन से निर्देश प्राप्त हुआ है। अहिल्या बाई होलकर के जीवन गाथा के बारे में जन जागरूकता लाने स्वच्छता दीदियों के बीच में परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर स्वच्छता दिदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, जिसमें समस्त स्वच्छता दीदियों का प्रोटीन चेकअप सभी स्वच्छता दिदियों का स्वास्थ्य परीक्षण मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से बैकुण्ठधाम में आयोजित किया गया। जिसमें उनका बीपी, शुगर, अस्थमा, खून जांच, सर्दी, खांसी, घुटना दर्द आदि का ईलाज किया गया। साथ में दर्जनों स्वच्छता दीदियों के जांच के बाद दवा वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा दीदीयों का हर माह स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### छात्राओं को बांटे प्रमाण पत्र

**दुर्ग।** शासकीय कन्या शाला मुंगेली की छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत रिटेल विषय के व शिक्षक मोहम्मद मोहसिन हाशमी की देख रेख में दुकानों में 10 दिवसीय इंटर्नशिप ट्रेनिंग करवाई गई। जिसमें छात्राओं ने व्यवसाय की बारीकियों को जाना।

### बीमारियों से बचाव के लिए प्रारंभिक तैयारी

**भिलाईनगर।** आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की अध्यक्षता में जिला मलेरिया विभाग, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, शहरी परिवार कल्याण विभाग की एक दिवसीय जल जनित बिमारियों जैसे- उल्टी, दस्त, डायरिया, पीलिया एवं मच्छर जनित रोगो जैसे- डेंगू/मलेरिया से बचाव/रोकथाम के लिए जन समुदाय में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

## तैयारी : हर साल प्रदेश के दस हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

# आईटी पार्क के लिए एमओयू की तैयारी नंदिनी एयरपोर्ट का भी होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले लंबे समय के कयास के बाद जिले को आईटी पार्क की सौगात मिल जाएगी। पार्क के लिए शुरूआती दौर की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ऐसी संभावना है कि, तीस मई को राज्य शासन द्वारा और दो दर्जन बडी कंपनियों के साथ एमओयू किया जाएगा। जिसमें इजराइल सहित कई बडी कंपनियां शामिल हैं। आईटी पार्क के लिए यह जरूरी हैं कि, इसके आसपास एयरपोर्ट हो, इसके लिए भी बीएसपी के नंदिनी स्थित एयरपोर्ट को शुरू करने की कवायद तेज हो गई हैं।

बहरहाल इंफोसिस टीम द्वारा यहां जल्द ही निरीक्षण कर तकनीकि पहलुओं को मजबूत करेगी। शुरूआत में नगरनिगम के नलघर और कामकाजी हॉस्टल से इसका संचालन किया जाएगा। प्रदेश के दुर्ग में आईटी पार्क के नींव रखने की पहल दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने की थी। वे लगातार आईआईटी भिलाई के संपर्क में भी है। उल्लेखनीय हैं कि, प्रदेश का पहला आईटी (इंफरमेशन टेक्नालाजी) पार्क का तमगा दुर्ग जिले को मिलेगी। इसके लिए पिछले वर्ष दिसंबर माह में ही आईआईटी की अगुवाई में जिला प्रशासन द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे निरिक्षण भी किया था। हाल ही में आईटी पार्क के संचालन के लिए नया बस स्टैंड स्थित नलघर कांम्प्लेक्स में कार्यालय बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसे एमआईसी ने सहमति भी दे दी हैं। यह पार्क पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास 80 एकड़ की जमीन पर बनना है। सूत्रों ने बताया कि, इजराइल सहित कई विदेशी कंपनियों ने भी यहां इन्वेस्ट करने सहमति जताई हैं। आईआईटी भिलाई ने मल्टीनेशनल कंपनी इंफोसिस से भी इस बारे में बात की है और कई अन्य कंपनियां भी इस आईटी पार्क में आ सकती हैं। अब तक 23 कंपनियों के इन्वेस्ट करने की जानकारी मिली है। आईआईटी भिलाई के सहयोग से आईटी पार्क के प्रोजेक्ट को आगे बढाया जा रहा है।

आईटी पार्क के लिए 80 एकड़ जमीन के साथ ही कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में भवन भी बना हुआ है। इसके साथ ही बिजली और पानी की भी पर्याप्त उपलब्धता है, वही पालिटेक्निक कालेज के पास दस करोड की लागत से बने कामकाजी महिला हास्टल का भी उपयोग किया जाएगा। इसके आलावा दुर्ग में नलघर कांपलेक्स का उपयोग भी कार्यालय के लिए किया जाएगा। पार्क के नींव रखने के लिए भिलाई में आईआईटी होना भी प्लस में रहा, यहां से पार्क को रा-मटेरियल की उपलब्धता भी हो जाएगी।

**खास बातें**

- रायपुर या दुर्ग में एमओयू करने की तैयारी
- जल्द पहनाया जाएगा अमलीजामा
- पालीटेक्निक कालेज के पीछे चालीस एकड जमीन पर बनेगा पार्क

### इसी माह के अंत में एमओयू करने की कवायद तेज



दुर्ग। 30 दिसंबर 2023 को आईटी पार्क के लिए किया गया था निरीक्षण।

### सांसद ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखा था प्रस्ताव

एस्सपर्ट की माने तो आईटी पार्क के लिए 20 किलोमीटर के दायरे में एक एयरपोर्ट होना चाहिए और नंदिनी एयरपोर्ट को इसके लिए विकसित करने का प्रस्ताव है। नंदिनी एयरपोर्ट को विकसित करके आईटी पार्क के लिए एयरपोर्ट बनाया जा सकता है। विगत दिनों सांसद विजय बघेल ने भी केन्द्रिय मंत्री राम मोहन नायडु से मुलाकात कर इसे फिर से शुरू करने की मांग की थी, जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया था। यह एयरपोर्ट भिलाई स्टील प्लांट के उपयोग के लिए बनाया गया था, जो वर्ष 1998 से बंद हैं।

### जमीन को लेकर चल रही माथापच्ची

विगत तीस दिसंबर 2023 को विधायक गजेन्द्र यादव और आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश की अगुवाई में मौके का निरिक्षण किया गया था। निरिक्षण के बाद सर्किट हाउस में घंटों चर्चा भी हुई थी। वही पांच जनवरी को भी इंफोसिस के साथ बैठक हुई थी, इसके लिए पानीटेक्निक कालेज के पीछे 80 एकड जमीन की उपयोगिता की प्लानिंग हुई थी। लेकिन जमीन को लेकर अभी तस्वीर साफ नही हुई है। हांलाकि पार्क के लिए वर्तमान में चालीस एकड जमीन को पर्याप्त माना जा रहा है। जिसकी उपलब्ध कालेज के पीछे होना बताया जा रहा है। उसी जमीन को हाउसिंग बोर्ड के नाम किए जाने की चर्चा से मशक्कत बढ गई हैं।

## केन्द्रों में मुख्यालय से ही सामग्री बांटने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के डेढ़ हजार से अधिक आंगनबाडी केन्द्रों में करोडों रूपए की सामग्री बगैर गुणवत्ता जांच के वितरण कर दिया गया है। शुरूआती जांच में जिला कार्यक्रम अधिकारियों की सहमति की बात सामने आ रही है। जिले के जिम्मेदारी अधिकारियों की अनुमति के बाद ही परियोजना से सामग्री का वितरण किया गया था। इस मामले को लेकर कलेक्टर ने कहा है कि, जल्द ही जांच रिपोर्ट मंगा ली जाएगी।

- जिले के बडे अधिकारियों ने बगैर जांच के आंगनबाडी

इससे पहले केन्द्रों में सामग्री खरीदी के लिए नगद राशि जाती थी। लेकिन वर्तमान में सामग्री वितरण किया जा रहा है, जिसके बाद से गुणवत्ता सही नही मिल रही हैं। कई सामग्रियों जैसे साबुल, फिनाइल, डिजर्जेंट पाउडर, लिक्विड के एक्सपायरी डेथ भी हो गए है। उल्लेखनीय है कि, इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को जांच के आदेश दिए है। जिले में करीब आठ परियोजना अधिकारियों द्वारा कमीशन के लिए इस तरह के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया हैं। जानकारी अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई एक और दो, अहिवारा, धमधा, पाटन और कुम्हारी में सामग्री अनाज कोठी, फर्नीचर, बर्तन, सैनिटरी पैड, वज़न मापने की मशीन समेत करोडों रूपए की लागत वाले प्रोडक्ट की सप्लाई की गई है। आंगनबाडी केन्द्रों में जब सामग्री पहुंची तो सहायिका और कार्यकर्ताओं ने घटिया स्तर के सामग्री को लेकर जमकर नाराजगी भी जताई है, जिससे उच्च स्तर से शिकायत के बाद मंत्री ने जांच के आदेश दिए है।

### वितरण के पहले सत्यापन का नियम

आंगनबाडी केन्द्रों में सामग्री वितरण के लिए उद्योग विभाग के अफसर टीम बनाकर जांच करते है। उनके सत्यापन के बाद ही केन्द्रों में सामग्री वितरण किए जाने का नियम है, लेकिन ऐसा नही कर ठेकेदारों के जरिए परियोजना कार्यालय से केन्द्रों में जिला मुख्यालय के अधिकारियों ने सामग्री की सप्लाई कर दी।

### रिपोर्ट मिली नहीं

जिला मुख्यालय के अफसरो के भूमिका की भी जांच हो रही है। जांच टीम बनाए गए है, पूरी रिपोर्ट अभी नही मिली है। **-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

### सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम उदासीन

**दुर्ग।** शहर में एक तरफ महासफाई अभियान चलाया जा रहा है वही दूसरी ओर मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट में मछली मार्केट के सामने ही सड़े गले फल, सब्जी के अपशिष्ट व कचरों का अंबार है। जिसे उठाने में नगर निगम कुछ दिनों से कोताही बरत रही है। कुशल मटियारा भागीरथी मटियारा, भागवत सपहा, पिताम्बर ढीमर, राजू ढीमर, दिलीप कुमार ढीमर, पेन्टर भाई, सादिक भाई, बसंतु ढीमर, जगमोहन ढीमर आदि ने नाराजगी जाहिर की है।

## सच्ची समाज सेविका थी अहिल्या बाई : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




राष्ट्रीय व प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में राजेंद्र पार्क दुर्ग में अभियान चलाया गया। इसी तारतम्य में भाजपा जिला दुर्ग द्वारा रानी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर आधारित एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका सांसद विजय बघेल ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल, ललित चंद्राकर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण थे। वहीं सुरेन्द्र कौशिक, जिलाध्यक्ष भाजपा, जितेन्द्र वर्मा निवृतमान जिला भाजपा अध्यक्ष, अल्का बाघमार महापौर, जितेंद्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, प्रीतपाल बेलचंदन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सांसद ने कहा कि, सच्ची समाज सेविका थी। अमर वीरांगना अहिल्या बाई होल्कर। हम उस देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है और गंगा के साथ में समस्ता वीरता पराक्रम कार्य प्रणता अखंडता एकता धर्म की भावना अध्यात्म की भावना ऐसी पुण्य आत्मा की धरती में ऐसी हमारी वीरता की समाधीत है। पुर्व की सरकार ने उन्हें भुला दिया था देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की जनता को समझना वीरता की प्रतीक हमारी माता अहिल्याबाई के चरीत्र को समझने कि जरुरत है ।

- राजेंद्र पार्क में कार्यक्रम का आयोजन

## आरटीई : जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आरटीई में जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट की जांच होगी। भिलाई निगम आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों को उनके क्षेत्रों से जारी वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट की सत्यता जांचने के निर्देश दिए हैं। हरिभूमि में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेकर ये निर्देश निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने दिए हैं। आरटीई के जिन बच्चों के पालकों के नाम पर बीपीएल सर्वे सूची का क्रमांक जारी किया है और उन्हे वर्ष 2007-08 के बीपीएल सर्वे सूची से मिलान किया जाएगा। बीपीएल सर्वे सूची जिला प्रशासन के वेबपोर्टल में ऑनलाइन उपलब्ध है। जिन बच्चों के ऐसे मामले हरिभूमि ने अपनी पड़ताल कर प्रकाशित किया है वे सभी भिलाई निगम क्षेत्र के अलग-अलग जोन से जारी हुए हैं। बकायदा इसमें निगम जोन का सील और राजस्व अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। ये हस्ताक्षर वास्तव में निगम अधिकारी के हैं या नहीं यह जांच की जाएगी। सील मुहर का इस्तेमाल हुआ है वह कैसे हुआ यह भी पता चलेगा।

### हरिभूमि की प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर दिए निर्देश


आरटीई पोर्टल में तकनीकी सुधार का शिक्षा माफियाओं ने निकाला नया तोड़
आरटीई में नया खेल...निगम का जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जारी कर प्रवेश

### जोन आयुक्तों को निर्देश

वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट किसके द्वारा जारी किया गया है इसकी जांच के निर्देश जोन आयुक्तों को हमने दे दिए हैं। जांच से ही स्पष्ट होगा कि सर्टिफिकेट सही है या गलत। उसके बाद आगे की कार्रवाई नियमत: की जा सकेगी। **-राजीव कुमार पांडेय,** निगम आयुक्त भिलाई

### टीएल में आरटीई के दो और बड़े फर्जीवाड़े

दुर्ग जिला आरटीई फर्जीवाड़े का गढ़ बनता जा रहा है। शिक्षा माफिया और विभाग के कतिपय लोगों की मिलीभगत के साथ ही स्कूलों द्वारा भी फर्जीवाड़ा कर सरकार को चूना लगाया गया है। कलेक्टर ने टीएल बैठक में स्कूलों द्वारा यूडाईस में दर्ज संख्या के आधार पर कोटे से ज्यादा बच्चों को प्रवेश देने के मामले में जवाब-तलब किया है। नोडल अधिकारी द्वारा अपात्र किए गए बच्चों को किसी अन्य द्वारा पात्र कर देने के मामले में भी विभाग से जानकारी चाही है।

### जांच से बड़ा रैकेट का होगा पर्दाफाश

निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के जांच करवाने से एक बड़ा रैकेट का पर्दाफाश होगा। दरअसल ये रैकेट शिक्षा माफिया चला रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस रैकेट द्वारा रसूखदार बच्चों के पालकों से मोटी रकम का सौदा तय हुआ। नामी गिरामी स्कूलों में फ्री में नर्सरी से आठवीं तक शिक्षा मिलने की आस में रैकेट के जाल में फंस गए। आरटीई पोर्टल में इस बार तकनीकी सुधार के बाद फर्जीवाड़ा का नया तरकीब निकाल ली।

## स्वाभिमान मंच ने शहर में निकाली रैली, लगाए भारतमाता के जयकारे

# ऑपरेशन सिंदूर की खुशी में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राजेन्द्र पार्क में शनिवार को स्वाभिमान मंच द्वारा आपरेशन सिंदुर की खुशी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सभा में संबोधन के बाद मंच ने शहर में तिरंगा यात्री भी निकाली। इसके पहले जवानों और मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया। वहीं शहीद फौजियों के परिवारों का भी सम्मान किया गया।

- वीर शहीदों के बलिदान को लेकर सुनाई गाथा

तिरंगा यात्रा के दौरान ईट का जवाब अब पत्थर ही होगा, घर में घुसकर मारेगा अब हिंदुस्तान, भारत माता की जय जैसे नारों से आज दुर्ग का राजेंद्र पार्क गूंज उठा था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर जवानों और मातृशक्तियों के सम्मान समारोह और दुर्ग जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने भी सौंपा गया। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में शहीद फौजियों के परिवारों और मातृ शक्तियों के सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त फौजी, शहीद सैनिक परिवारों की महिलाएं एवं विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय मातृशक्तियां एवं सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।



### परिजनों का बढ़ाया हौसला

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथियों के रूप में मंचासीन कुर्मी समाज छत्तीसगढ़ की उपाध्यक्ष लता चंद्राकर, विहिप बजरंग दल के छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा, उद्योगपति सुमन कन्नौजे एवं समाजसेवक गंगाधर जाधव ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्ज्वलित किया। भारत माता का श्रृंगार कर बालिका और फौजियों की वेशभूषा धारण किये बच्चों का तिलक कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं ने भारत माता के जयघोष के साथ ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता और तरीकों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत्त सैनिकों और शहीद फौजी परिवारों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

### पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के संबोधन के पश्चात एक शौर्य यात्रा के रूप में तिरंगा लिए भारत के जयघोष के यात्रा दुर्ग कलेक्ट्रेट पहुंची। जहाँ पर जिलाधीश के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित एसडीएम को पाँच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के मुख्य बिंदु स्कूल एवं महाविद्यालय में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता की चर्चा हो, देश के सैनिकों के लिए सम्मान समारोहों का आयोजन हो, केंद्र सरकार और उसके कुशल नेतृत्व की जनसामान्य में व्यापक सकारात्मक चर्चा हो सहित अन्य बिंदु शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के अलावा हेमलता सिंह , लालेश्वरी साहू, स्वीटी कौशिक, मिथिला खिचड़िया, उपासना साहू, रश्मि राजपूत, ममता राव, राखी विश्वास, प्राजकता देशमुख, पारस जंघेल, सुरेंद्र कौशिक, पुरसोत्तम देवांगन, विधायक ललित चंद्राकर व रिकेश सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

## टाउनशिप में बार-बार बिजली गुल होने से लोग परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में बिजली की समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। बिजली की आंख मिचौली से परेशान लोगों ने इसकी शिकायत भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से की।

शनिवार को वे सेक्टर 5 स्थित विधायक के कार्यालय पहुंचे। बिहार दौरे से लौटने के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों से मुलाकात की। खुर्सीपार के लोगों ने भी अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीवर लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए लोगों को मकान तोड़े जा रहे हैं। कई जगह में सीवर लाइन के लिए खुदाई करके छोड़ दिया गया है। इस वजह से क्षेत्र के लोग बहुत परेशान है। इसके अलावा टाउनशिप के लोगों ने बार-बार बिजली गुल होने की जानकारी दी। 12 से 14 घंटे तक लाइट गुल होने से अवगत कराया। इसके अलावा कई सेक्टर के लोगों को बीएसपी नोटिस दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### मंदिर का स्थापना दिवस आज



**डोंगरगढ़।** महावीर पारा स्थित शनिदेव मंदिर में शनि शिंगणापुर का स्थापना दिवस कल 26 मई को मनाया जाएगा। मंदिर के पंडित आनंद जगदीश शर्मा ने बताया कि भक्तो के कल्याण के लिए 26 मई को सुबह से शनि रुद्र अभिषेक किया जाएगा। सोमवार को सोमवती अमावस्या वट सावित्री दर्श भावुका अमावस्या शनैशचर जयंती के रुप में महाराष्ट्र में मनाया जाता है।

### दुष्यंत ने जीता गोल्ड मेडल



**डोंगरगढ़।** आन द राइस मार्शल आर्ट संस्था डोंगरगढ़ के दुष्यंत पंद्रे ने कूडो नेशनल चैंपियनशिप कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता पुणे में आयोजित थी। स्पर्धा में सभी स्टेट के कूडो मार्शल आर्टस खिलाड़ी शामिल हुए। कूडो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में 27 राज्यों के 750 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ के 23 खिलाड़ी शामिल हुए। उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा और स्वर्ण पदक जीत कर राज्य का नाम रोशन किया। वहीं दिल्ली में आयोजित ताइक्वांडो मार्शल आर्ट में संस्था के शौर्य मिश्रा पिता महेश मिश्रा ने रजत पदक हासिल किया। यह खेल स्टेअर्स नेशनल युवा मंत्रालय और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई थी। इस चैंपियनशिप में राज्य के 35 खिलाड़ी शामिल हुए। संस्था के कोच मुकेश साहू ने दुष्यंत और शौर्य मिश्रा की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत पीपरखारकला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर सरकारी घास भूमि पर बेजा कब्जा कर बाउंड्रीवॉल का निर्माण करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शिकायत किया है। ग्रामीणों ने बताया उन्होंने अवैध रूप से घर भी बना लिया है जबकि पंचायत द्वारा इस स्थान का चयन पानी टंकी के लिए किया था। ग्राम के सरपंच बसंतकुमार, उप सरपंच विश्राम, पंच सुभेलाल, विष्णुराम, लखन, देवकरण, हरिचंद, रामकिशोर, उपकारसिंह, कमलेश वर्मा सहित ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार से शिकायत कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया कि तहसीलदार को भेज कर जांच कराई जाएगी। बेजा कब्जा होने पर हटाने कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में तृप्ति सफल



**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में मिडिल स्कूल नागतराई की छात्रा तृप्ति लाउत्रे का सफलता हासिल किया है। चयनित छात्रा को कक्षा 9 से 12 वी तक प्रतिवर्ष 12 हजार मिलेंगे। छात्रा ने विज्ञान शिक्षक आशीष विश्वकर्मा के मार्गदशन में सफलता प्राप्त किया है। छात्रा को प्रधानपाठिका हंसा पांडेय, शिक्षक मनहरण वर्मा, अनुराधा साहू एवं संकुल समन्वयक राजेश शर्मा ने बधाई दी है।

### एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर 30 तक

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लालबहादुर नगर में एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया गया है जो आगामी 30 मई तक चलेगा। शिविर में एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग और ट्रीटमेंट जोधपुर के विशेषज्ञ पुराना सिरदर्द, साईटिका, आंख, कान, नाक, गले, पेट, शुगर, गैस, कमर, जोडो आदि बीमारियों का इलाज एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, चिकित्सा के माध्यम से करेंगे।

### तीन दिवसीय उर्स का आयोजन



**डोंगरगढ़।** अराकीन आस्ताना कमेटी रज़ानगर के तत्वावधान में हजरत बाबा अब्दुल गफ्फार षाह रहमतुल्लाह अलैह हजरत बाबा टेकरी वाले मजार में 3 दिवसीय रोज़ा उर्स का आयोजन किया गया। सामाजिकजनों ने चादर पोसी के पूर्व मटका पार्टी के साथ शाही संदल भ्रमण के लिए निकाला। संदल का शहर में विभिन्न जगह स्वागत हुआ।

### मदिराप्रेमी शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं

**डोंगरगढ़।** ग्राम तोतलभर्री की प्राथमिक शाला में दो शिक्षकों पर ग्रामीणों ने शराब सेवन कर स्कूल आने, ड्यूटी समय में शराब सेवन करने, बच्चों को अध्यापन नहीं कराने का आरोप लगाते हुए बीईओ से शिकायत किया था। बीईओ ने संकुल प्रभारी ढारा से जांच कराया था जिसमें शिकायत सही पाया गया था। जांच के बाद भी शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं हुई है। कार्यालय द्वारा इन शिक्षकों का वेतन भी नियमित निकाला जा रहा है। इन शिक्षकों ने कक्षा 1 ली से 4 तक के बच्चो की अंकसूची नहीं बनाया है।

### धान की सुरक्षा करने में सरकार नाकाम



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सरकार पर किसानों का धान खरीदने के बाद उसका रखरखाव करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसानो की मेहनत से तैयार फसल पानी में बरबाद हो गई है जिसका मुख्य कारण समय पर धान का उठाव नहीं होना है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के नाम पर केवल वाहवाही लुटने का प्रयास किया जा रहा है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है।

### छोटे बच्चों ने किया पौधरोपण



**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में रविवार को मस्ती की पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला में शामिल बच्चों ने खुद को प्रकृति से जोड़ते हुए पौधरोपण किया। संस्था के प्रमुख अनिल रूपलानी ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों में रचनात्मकता विकसित करने और उन्हे खेल खेल में संस्कृति और संस्कार से जोड़ने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। मस्ती की पाठशाला में शामिल सभी बच्चों को आयोजन समिति की सदस्य अंकिता गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

---

बस्तर क्षेत्र के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में शहीदों की 12वीं बरसी

# झीरम घाटी हमले की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव**

25 मई वर्ष 2013 को बस्तर क्षेत्र के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में शहीदों की 12वीं बरसी के मौके पर राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस नेताओं और हमले में शहीद अन्य पुलिस जवानों की शहादत को नमन करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

झीरम घाटी में हुए इस नक्सली हमले में राजनांदगांव के पूर्व विधायक उदय मुदलियार और कांग्रेस नेता अलानूर भिंडसरा की भी शहादत हुई थी। इनकी शहादत को नमन करने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शहर के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार और अलानूर भिंडसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उन्हें नमन किया और झीरम घाटी के शहीद अमर रहे के नारे लगाए।



### आला नेताओं को खोया, पूर्व विधायक भी रहे शामिल

दरभा क्षेत्र के झीरम घाटी हमले में कांग्रेसियों ने अपने आला नेताओं को खोया था। उनकी शहादत को याद करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि यह इस हमले में कांग्रेस नेताओं का नरसंहार किया गया। हमले में हमने अपने तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल सहित राजनांदगांव के पूर्व विधायक वरिष्ठ नेता उदय मुदलियार को खोया है। कांग्रेस परिवार हमले में सभी शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

### नमन करने कांग्रेसी शामिल

शहर के पोस्ट ऑफिस चौक पर आयोजित कांग्रेस के शहीद स्मारक में पूर्व विधायक उदय मुदलियार और अलानूर भिंडसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने कांग्रेस नेता पदम कोठारी, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी, राजा यादव, अभिमन्यु मिश्र सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए और अपने वरिष्ठ नेताओं के बताए मार्ग पर चलने के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

---

## महासभा में सम्मानित हुए जनपद अध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया**

छत्तीसगढ़ डडसेना सिन्हा कलार समाज ने खंड महासभा एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन अभनपुर में किया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल थे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा ने की। इस मौके पर अतिथियों ने जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, राजनांदगांव नगर पालिक निगम के पार्षद रवि सिन्हा का सम्मान किया। श्री जायसवाल नेजनप्रतिनिधियों को जनसेवा करने कहा।

### कथा वाचन का समय बदला



**डोंगरगांव।** राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य युवराज पाण्डेय द्वारा कोकपुर में श्री शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है जिसका श्रवण करने जन सैलाब उमड़ रहा है। स्व ललित श्रीवास्तव की स्मृति में दीपा श्रीवास्तव ने यह आयोजन किया है। आयोजन के पहले दिन से आसपास गांवों के लोग कथा का श्रवण करने पहुंच रहे हैं। मुख्य यजमान जय लक्ष्मी लक्की श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम में बदलाव और भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कथा वाचन के समय में फेरबदल कर दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक कर दिया गया है।

---

## जानकारी के बिना 20 लाख के डस्टबिन की खरीदी




**डोंगरगढ़।** नगर पालिका ने मार्च में लगभग 20 लाख के डस्टबिन खरीदी किया गया है। छग ट्रेडर्स राजनांदगांव से डस्टबिन खरीदने की पुष्टि इंजीनियर भुवन लाल ने करते हुए बताया कि डस्टबिन को धर्मशाला में रखा गया है। खरीदे गए डस्टबीन की जानकारी जनप्रतिनिधि को न जानकारी है और न किसी ने देखा है। चर्चा है कि राजनांदगांव के सप्लायर के नाम से शहर के किसी व्यक्ति ने सप्लाई किया है। खरीदी के 3 माह बाद भी उसका वितरण नहीं किया गया है जिसे लेकर नगर पालिका की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि डस्टबीन खरीदी की जानकारी आई है तो मामले की जानकारी पता लगा ले। सांसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल ने बताया कि इंजीनियर और सीएमओ से सोमवार को चर्चा कर जानकारी दी जाएगी।

---

# समर कैम्प में निखरी बच्चों की कला और प्रतिभा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया**

- 10 दिवसीय कैम्प का समापन
- प्रदर्शनी को सभी ने सराहा

पीएमश्री स्व लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई में 25 मई को 10 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। समापन समारोह में नगर के गणमान्य व्यक्ति, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा सातवीं के छात्र ऋषभ कुंजाम ने स्वरचित कविता बच्चों की व्यथा का पाठ किया। बच्चों ने जुंबा डांस और योग का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं छात्रा आराध्या चौबे ने नृत्य से सबका मन मोह लिया। हाईस्कूल के बच्चों ने नाटक से वाहवाही बटोरी।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बच्चों में प्राइमरी स्कूल के ऐस ताम्रकार, हर्षिता राज ताम्रकार, हीरा पटेल, वैदेही ताम्रकार, अर्पितराज ताम्रकार; मिडिल स्कूल के अनुज यादव, नंदनी पटेल, शिफा मिर्जा, अखिल कुरैशी और हायर सेकेंडरी की अरसीन खान, साहिबा खान, उमेश साहू तथा मेघराज साहू शामिल थे। सभी विधाओं में भाग लेने वाले 103 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

### बच्चों ने सीखा हुनर

10 दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों को योग, जुंबा, ओरिगेमी कला, कंप्यूटर प्रशिक्षण, फेस मास्क बनाना, थ्रेडिंग, पपेट बनाना, क्ले आर्ट, लीफ एंड पेटल आर्ट, प्राणायाम, पोस्टर मेकिंग, स्टोन आर्ट, बांस शिल्प, बेस्ट सेल्फी प्वाइंट बनाना, वैक्स फ्लावर आर्ट, आर्टिफिशियल ट्री, क्राफ्ट पेपर आर्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग और इलेक्ट्रिक बोर्ड बनाना सीखा। बच्चों को गतिविधियों से अवगत कराने बाहर से विशेषज्ञ बुलाए गए थे। विद्यालय की कल्पना साहू ने बच्चों को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया।

### प्रदर्शनी में दिखी प्रतिभा

समापन दिवस पर क्राफ्ट आर्ट, बांस कला, मिट्टी कला, छत्तीसगढ़ी आभूषण और बच्चों के हाथों से तैयार अन्य सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टाकेश्वर शाह खुसरो ने बच्चों के प्रयास की खूब सराहना की। प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों का अच्छे प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रोत्साहित किया। संचालन मनीष दास और स्मिता दास ने किया। इस अवसर पर व्हीएन नागेंद्र, जेएल देवांगन, डीके शर्मा, महेश ठाकुर, व्हीएन रत्नाकर, आरआर शर्मा, ओम प्रकाश निषाद, योगेश्वरी, स्मिता दास, जसबीर सिंह, देवेंद्र वासनिक, रामकुमार केंवट, मनीज दास, स्नेह एक्का, नंदनी जांगड़े, भुनेश्वरी साव, सुरभि उइके, किरण वर्मा, किरण ठाकुर, मुकेश यादव, दुर्गेश सेन, प्रिंकेश कश्यप, निधि चौहान, शुभमसिंह, हेमंतकुमार, ममता सोनी, दिव्या श्रीवास्तव, महिमा गढ़वाल उपस्थित थे। आयोजन में हेमराज और कल्पना ने सहयोग दिया।

---

## मन की बात का किया श्रवण



**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड का ग्राम बिटाल में श्रवण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहु, जनपद सभापति भेष बाई साहू भी मौजूद थी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिन विचारों को साझा किया वह प्रेरणादायक थे। इस अवसर पर खिलेश्वर साहू, भेषबाई साहू, कुमार साय, मंजू गेंदलाल साहू, गेंदलाल साहू, सीता वैष्णव, दीना कुलदीप, बरातु चन्द्रवंशी, महेश यदु, भागवत ठाकुर, लिखन साहू, योग राज साहू, गणेश ठाकुर, सेवती साहू, सीता वैष्णव, झगरीबाई साहू, परमानंद ठाकुर, द्रोणाचार्य साहु, राजू ठावरे आदि मौजूद थे।

---

# आईक्यूएसी के महत्व से कराया अवगत

- कॉलेज में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़**

नेहरू महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं कंप्यूटर विभाग तथा आईसीसी के तत्वावधान में आयोजित 6 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय छुईखदान की प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयती विश्वास शामिल हुई।

वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक बेदप्रकाश साहू द्वारा मुख्यवक्ता का स्वागत कर अकादमिक परिचय दिया। डॉ. जयंती विश्वास ने आईक्यूएसी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि महाविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी प्राचार्य के बीच की एक कड़ी है। प्राचार्य संस्था के मुखिया एवं आईक्यूएसी एक संस्था का हृदय माना जाता है। उन्होने इसके 7 क्राईटेरिया के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम से संबंधित पहल करनी चाहिए, टीचिंग एंड रनिंग वैल्यूएशन, शिक्षण अधिगम, नवाचार ,प्रशासनिक सुरक्षा, नैतिक सुरक्षा, बेस्ट प्रैक्टिस,शोध कार्य से संबंधित कार्य करने की प्रक्रिया आईक्यूएसी द्वारा ही किया जाता है। कार्यक्रम में ओपी वर्मा, अविनाश सिंह, डॉ नौशीन अंजुम, तूलिका चक्रवर्ती, अनिमा मिंज, डॉ सपना परिहार, मनीषा भेड़िया, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, रोशन साहू, प्रभात बैस, ऋचा अग्रवाल, देवश्री देवांगन, डॉ निर्वेद शर्मा, डॉ गोकुल प्रसाद, रणविजय देवांगन आदि शामिल हुए। संचालन डॉ नीता राजपुत एवं आभार प्रदर्शन नीलम चतुर्वेदानी ने किया।



---

## पेज 11 का शेष

### ग्राम साजन के खार में ...

**ये हैं गिरफ्तार जुआरीः** गिरफ्तार आरोपियों में अमलीडीह निवासी महेश्वर निषाद (28), उमरावनगर निवासी सुनील कुमार देशलहरे (38), राजा नवागांव निवासी मनोहर राय (38), खम्हरिया वार्ड-14 निवासी हफीज बेग (40), पुनः राजा नवागांव निवासी संतोष पाली (40) और तुमड़ीपार निवासी संतोष वर्मा (48) शामिल हैं।

सभी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**पुलिस टीम की सक्रियता बनी मिसालः** इस कार्रवाई में सायबर प्रभारी मयंक मिश्रा के साथ खम्हरिया थाना प्रभारी द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, नुरेश वर्मा, सौरभ सिंह, संजय पाटिल, जय किशन साहू, विनोद राजपूत, संतोष धिवर, मुकेश चंद्रवंशी सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

### शराब नहीं पिलाने पर ...

पास में पड़े पत्थर से भी हमला कर दिया। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

**परिजनों ने कराया रायपुर रेफर :** गंभीर स्थिति में रमेश साहू को प्राथमिक उपचार के बाद मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया। वहां आईसीयू में भर्ती रहने के दौरान 23 मई को उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही मौदहापारा थाना रायपुर ने मर्ग दर्ज किया और केस डायरी बेरला पुलिस को भेजी।

### थान खम्हरिया से फरार ...

इस मामले में नामजद आरोपी सोहन राजपूत आज तक फरार है। पीड़ित परिवार और ग्रामीण लगातार गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**आईजी ने बढ़ाया इनाम, पर परिणाम शून्यः** दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने फरार आरोपी सोहन राजपूत की गिरफ्तारी के लिए इनाम राशि को बढ़ाकर 30,000 रुपये कर दिया है। बावजूद इसके, अब तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। यह लापरवाही जनता के आक्रोश को और बढ़ा रही है।

**ग्रामीणों का फूटा गुस्सा – आंदोलन की चेतावनीः** सोनपुरी में लोगों का गुस्सा अब फूटने लगा है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन एक ओर गिरफ्तारी और इनाम की खबरों से अपनी पीठ थपथपा रहा है, वहीं मासूम की हत्या के मामले में नाकामी पर चुप है। लोगों ने चेताया है कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**प्रशासन की साख पर गहराया सवालः** इस घटना ने प्रशासन की संवेदनशीलता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब एक आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा जा सकता है, तो हत्या जैसे संगीन अपराध में नामजद आरोपी अब तक क्यों नहीं पकड़ा गया? क्या पीड़ित का चेहरा देखकर ही कार्रवाई की रफ्तार तय होती है?

**भरोसा टूट रहा है, न्याय की ज़रूरत सबको :** न्याय सबके लिए बराबर होना चाहिए – फिर वह किसी महिला के साथ दुष्कर्म का मामला हो या मासूम बच्ची की हत्या। एक ओर तेजी से गिरफ्तारी होती है और इनाम दिए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर तीन महीने से फरार आरोपी, न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल छोड़ जाता है। यह केवल प्रशासन की नाकामी नहीं, लोगों के टूटते भरोसे की तस्वीर भी है।

---

## महिलाओं ने की मंदिरों की सफाई




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया**

देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के मौके पर नगर पंचायत गंडई ने सफाई अभियान शुरू किया है। अभियान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ गृहिणियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सफाई अभियान नगर के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों पर केंद्रित रहा। वार्ड 14 स्थित प्रसिद्ध देऊर मंदिर और वार्ड 7 स्थित मां गंगई मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में सफाई किया गया। महिलाओं ने मंदिर परिसर और आसपास की गलियों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पंचायत गंडई के सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्वच्छता के लिए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। महिलाओं ने दो मंदिरों में सफाई अभियान चलाया।

## खबर संक्षेप

### ग्राम कृतबांधा में भागवत कथा का आयोजन

**कवर्धा।** ग्राम कृतबान्धा में श्री मद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 22 मई से 30 मई तक आयोजित इस कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रोतागण पहुंचकर कथा रसपान कर रहे हैं। कथा व्यास सोनम तिवारी केशला खरोरा प्रतिदिन शाम 04 बजे से रात 08 बजे तक कथा का श्रवणपान कराया जा रहा है। जिसमें वेदीपूजा आचार्य चंदन तिवारी एवं भरत ग्रामाचार्य पंडित कुंज विहारी द्विवेदी, पंडित रमेश तिवारी यजमान डिकेश्वर (लालाराम ) श्रीमती इन्द्राणी चन्द्राकर, विश्राम चन्द्राकर, श्रीमती कान्ति चन्द्राकर, राजेन्द्र चन्द्राकर, राधेश्याम चन्द्राकर सहयोग दे रहे हैं।

# विभागों की निष्क्रियता से बदौरा का जंगल बना अपराधियों के लिए शराब, शबाब व अय्याशी का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत बदौरा के जंगल में शुक्रवार की देरशाम हुई एक ग्रामीण युवति के साथ बर्बरता और जीवलेवा मारपीट ने जहां जिले की चौपट और खस्ताहाल हो चुकी कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं वहीं वन विभाग की कार्यप्रणाली और मुस्तैदी पर भी सवालिया निशान लगा दिया है।

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार की शाम करीब 5.30 बजे कुछ लोगों ने बदौरा के जंगल में चट्टानो के बीच पत्थरों में दबी एक गंभीर रूप से घायल ग्रामीण युवति को अर्ध मूर्छित अवस्था में पड़ा देखा था। बताया जाता है कि बर्बरता और जीवलेवा मारपीट का शिकार इस युवति की यह दुर्दशा उसके प्रेमी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर की थी।

हालांकि मामला सामने आने के बाद पुलिस ने फौरी कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और युवति को भी बेहतर ईलाज के लिए रायपुर मेकाहारा रिफर कर दिया गया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि इस व्हीआईपी जिले में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो रहे हैं कि वे इस तरह के जघन्य अपरोधों को भी अंजाम देने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। फिर सवाल यह भी उठ रहा है कि पंडरिया क्षेत्र का जो बदौरा का जंगल कभी अपनी हरियाली और सुरम्य वादियों के कारण लोगों के लिए सुकूनगाह हुआ करता था वो आज गैरकानूनी कार्यों और असामाजिक कार्यों का पनाहगाह कैसे बन गया है।

माना जा रहा है कि यहां की रखवाली के नाम पर सरकारी खजाने से हर महिने मोटी रकम लेकर गायब रहने वाले वन विभाग और वन विकास निगम के तथाकथित पहरुओं की गैरजिम्मेदारी अथवा मिलीभगत से ही बदौरा के जंगल में न सिर्फ लगातार अवैध वन विनाश हो रहा है बल्कि बदौरा का जंगल जुआरियों और शराब व शबाब के साथ अय्यासी करने वाले तत्वों के लिए एक मुफीद जगह बनता जा रहा है। अन्यथा किन्ही आपराधिक तत्वों की क्या मजाल थी कि वे अवैध कटाई के लिए इतने संवेदनशील माने जाने और चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले पंडरिया से कोदवा वन मार्ग पर विभागीय कर्मियों की उपस्थिति अथवा चहलकदमी के बीच किसी घटना को इतनी निश्चिंतता और निडरता से अंजाम दे सकें। निश्चित रूप से यह वारदात जिम्मेदार विभागों को कटघरे में तो खड़ा करती है और अगर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो आने वाले समय में इस तरह की घटनाओं की पुर्नावृत्ति को रोकना कठिन हो जाएगा।

### आरोपियों ने मरा जानकर चट्टानो के बीच खोह में ठूंसा था युवती को



बदौरा के पास जंगल में चट्टानों के बीच जिस सुरंग में एक लड़की को संभवतः मृत समझ कर दबाया गया था उसकी रविवार को हरिभूमि के संवाददाता रविनंदन पाण्डेय ने ग्राउंड रिपोर्टिंग की। उनके साथ पिकनिक मनाने गए पति पत्नी के साथ मिलकर उक्त लड़की को निकालकर बचाने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य शत्रुहन साहू भी उनके साथ थे। श्री पाण्डेय ने बताया कि घटना स्थल को देखकर किसी का भी कलेजा कांप जाएगा। इसे ईश्वरीय प्रेरणा अथवा चमत्कार ही कहेंगे कि उस दिन, वहां पर समय रहते पिकनिक मनाने एक परिवार का आना और फिर उनके द्वारा उसी रास्ते से गुजर रहे, शत्रुहन साहू को बुलाकर घटना की जानकारी देना और फिर उनके संयुक्त प्रयास और काफी मशक्कत के बाद लड़की को बाहर निकालना संभव हो सका। श्री पाण्डेय ने बताया कि युवति के साथ आरोपियों ने जीवलेवा मारपीट करने के बाद उसे मरा जानकर दो विशालकाय चट्टानो की खोह में ठूंस दिया था और खोह के ऊपर पत्थर रख दिए थे। लेकिन युवति की चीख पुकार सुनकर पिकनिक मनाने गए कुछ लोग श्री साहू के साथ पर पहुंच गए और श्री साहू ने घटना स्थल से कुछ दूर जंगल में बसे गाय चराने वाले यादव परिवार की महिलाओं को बुला लिया। श्री साहू ने बताया कि आरोपियों ने लड़की के शरीर को इतनी संकरी जगह पर इस तरह ठूंसा हुआ था कि प्रथम प्रयास में उन्हें उसे निकाल पाना असम्भव लगने लगा था। यह भी सच है कि अगर श्री साहू वहां नहीं पहुंचते तो सैलानी दम्पत्ति भी चाहकर कुछ नहीं कर पाते और हो सकता है देर हो जाने के कारण कुछ भी हो सकता था। लेकिन इसे चमत्कार ही कहें बमुस्किल युवति को जीवित बाहर निकाल लिया गया।

**हादसा :** 20 से अधिक यात्री घायल, कई को आई गंभीर चोट, पट्टा टूटने से हादसा

# यात्रियों से खचाखच भरी बस अनियंत्रित होकर खेत में पलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले की सड़कों में आए दिन हो रहे छोटे बड़े सड़क हादसों के बीच रविवार को एक बार फिर यात्रियों से भरी एक बस दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया जाता है कि बस पंडरिया से बिलासपुर जा रही थी लेकिन अपने गंतव्य में पहुंचने से पहले ही दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में बस सवार करीब 20 से अधिक यात्री घायल बताए जाए रहे हैं जिनमें से कुछ को गंभीर चोटे आई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 और पंडरिया पुलिस की टीम द्वारा एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोज की तरह रविवार की सुबह भी करीब 7.30 बजे तिवारी ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 10 जी 1652 का चालक पंडरिया से बिलासपुर जाने के लिए निकला था। बताया जाता है कि बस में करीब 30 से 40 महिला, पुरूष, बच्चे, बुजुर्ग यात्री सवार थे।

यात्रियों की माने तो बस काफी तेज गति से अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ रही थी, कि इसी दौरान पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनगढ़ के पास तेज आवाज के साथ बस का पट्टा टूट गया। बस का पट्टा टूटते ही तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हो गई और चालक ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया। यात्रियों के मुताबिक तेज रफ्तार अनियंत्रित बस सड़क छोड़ सड़क किनारे खेत में जा घुसी और पलट गई। बस के पलटने के बाद मौके पर यात्रियों के बीच अफरातफरी और चीख पुकार मच गई। जिसे सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होने सहयोग करते हुए बस में फंसे घायल यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की।

इस बीच घटना की जानकारी डॉयल 112 तथा पंडरिया पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 और पंडरिया पुलिस की टीम ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां घायलों का ईलाज किया जा रहा है।

बताया जाता है कि इस दुर्घटना में करीब 20 से अधिक यात्रा घायल है जिनमें से कुछ को गंभीर चोटे आई हैं। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि अभी तक पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।

### जिले की सड़कों में फर्राटे भर रही खस्ताहाल अनफिट बसें, विभाग नींद में





यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले की सड़कों में इस तरह से यात्री बसों के अनियंत्रित होकर पलटने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इसमें पूर्व भी कवर्धा- पोंड़ी मार्ग, पंडरिया-कुकदुर मार्ग, पंडरिया-बिलासपुर मार्ग सहित अन्य मार्गों में कई बार यात्री बसें दुर्घटना का शिकार हो चुकी है। जिनमें कई यात्री घायल भी हो चुके है और कुछ की जान भी जा चुकी है। माना जा रहा है कि इन यात्री बसों के दुर्घटना का शिकार होने का मुख्य कारण एक तो बसों की तेज रफ्तार है और दूसरा अनफिट बसों का सड़क पर फर्राटे भरना है। जिस पर शासन-प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा परिवहन विभाग लगाम लगाने में असमर्थ साबित हो रहा है। परिवहन विभाग जरूर कभी कभार कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति करने सड़क पर उतरता है लेकिन ऐसा लगता है यह तभी किया जाता है जब बस संचालक विभाग चौखट पार नहीं करते। अब बस संचालक विभाग की चौखट क्यों पार करते हैं यह न तो बताने की जरूरत है और न ही समझाने की जरूरत है।

# भोरमदेव कॉरिडोर से पर्यटन विकास को मिलेगी नई पहचान: नीलू शर्मा

- कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा है कि कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं, और भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

कवर्धा प्रवास के दौरान श्री शर्मा ने भोरमदेव मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और बाबा भोरमदेव से प्रदेशवासियों की समृद्धि की कामना की। श्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन व विशेष प्रयासों से भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत कबीरधाम जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के लिए 146 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है।

इस राशि से भोरमदेव मंदिर, मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा मंदिर और सरोदा बांध जैसे स्थलों का समग्र विकास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। श्री शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पर्यटन मंडल के अधिकारियों, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस परियोजना को अंतिम रूप दिया गया है।

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि भोरमदेव मंदिर के इतिहास में पहली बार जल शुद्धिकरण (वाटर ट्रीटमेंट) की ऐतिहासिक पहल की जा रही है। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कर उसे भव्य और सुविधायुक्त स्वरूप में विकसित किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत छह भव्य प्रवेश द्वार, नागद्वार, पार्क, संग्रहालय, परिधि दीवारों का संवर्धन, नई सीढ़ियों का निर्माण, पिलर हॉल, चिल्ड्रन पार्क, प्रसाद मंडप, अनुष्ठान भवन, यज्ञ स्थल, शौचालय, मेला ग्राउंड की ओर से पार्किंग सहित प्रवेश द्वार जैसी सुविधाएं शामिल हैं। मंदिर के समीप एक आधुनिक संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है, जो वर्तमान संग्रहालय से चार से पांच गुना बड़ा होगा।

श्रद्धालुओं के लिए जूते रखने की व्यापक व्यवस्था, तालाब क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, म्यूजिकल फाउंटेन, जल संरक्षण की व्यवस्था, भंडारा भवन, कांवड़ियों के लिए डोम, छायायुक्त सीढ़ियां, मंच, पार्किंग और कई अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा। बैठक के बाद छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री शर्मा ने प्रदेश तथा जिले के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल सरोदा दादर(चिल्फी घाटी) में बने पर्यटन रिसॉर्ट का निरीक्षण किया।

### वट सावित्री पूजन के लिए कराई साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

माताओं एवं बहनों का विशेष पर्व वट सावित्री पूजन सोमवार को है जिसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा कवर्धा शहर के विभिन्न स्थानों पर वट पूजा हेतु पहुंचने वाली महिलाओं का विशेष ख्याल रखते हुए पूजा स्थल पर ही आवश्यक टेंट, कुर्सी की व्यवस्था किया जा रहा है उन्होनें आज शहर में वट पूजा होने वाले स्थलों को चिन्हांकित कर साफ-सफाई कराया गया। साथ ही माताओं एवं बहनों की आस्था का पर्व वट सावित्री की बधाई व शुभकामनाएं भी प्रेषित की है।

### समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं व मांगों का हो रहा समाधान: पूर्णिमा मनीराम साहू



**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम कुसुमघटा में गत शनिवार को प्रदेश की विष्णुदेव सरकार एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत सभापति श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, जनपद पंचायत बोड़ला की अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, मण्डल अध्यक्ष मोहन धुर्वे उपस्थित थे। शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभागीय अधिकारियों ने स्टाल लगाकर अपने विभाग को प्राप्त आवेदनों के समाधान की जानकारी आवेदकों को दी। साथ ही शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई है। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार तथा क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशा साफ है कि ग्रामीणों को न सिर्फ सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो बल्कि उन्हें अपनी समस्याओं व मांगों के लिए भटकना न पड़े। अपनी इसी मंशा को मूर्त रूप देने सरकार द्वारा सुशासन तिहार के तहत अब समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती साहू ने कहा कि इस समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं व मांगों का समाधान कर उन्हें जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि यह शिविर शासन-प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के साथ ग्रामीणों का संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास हो रहा है और ग्रामीणों को प्रधान मंत्री आवास, राशन कार्ड, महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना जैसी तमाम जनकल्याणकी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में विदेशीराम धुर्वे, मधुप्रीतम वर्मा, शिवनाथ वर्मा, संगीता चन्द्रवंशी, रमेश मेरावी, रामविलास चन्द्रवंशी, छोटूराम चन्द्रवंशी, कांशीराम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने दी झीरमघाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि

**कवर्धा।** झीरम घाटी में 25 मई 2013 को अपने प्राणों की आहुति देने वाले कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए रविवार को कांग्रेस भवन कवर्धा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों ने झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और कांग्रेस पार्टी उनकी याद में हमेशा एकजुट रहेगी। मणिकांत त्रिपाठी ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि कांग्रेस नेताओं की शहादत ने कांग्रेस पार्टी को और मजबूत बनाया है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके साथ एकजुटता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन शहीदों के सम्मान में राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

### 29 मई से 12 जून तक कबीरधाम में चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 29 मई से 12 जून तक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाया जाएगा।

यह अभियान कृषि एवं समवर्गी विभाग के तत्वावधान में जिले के गांव-गांव तक पहुंचेगा, जहां वैज्ञानिकों की टीम किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों और शासन की योजनाओं की जानकारी देगी। अभियान के दौरान खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों के लिए उन्नत खेती के तौर-तरीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल चयन और संतुलित खादों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों के अनुभव, नवाचारों और फीडबैक के आधार पर कृषि अनुसंधान की दिशा तय की जाएगी। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और मुनादी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को शिविरों में आमंत्रित किया जाएगा। कबीरधाम जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन विशेष टीमें बनाई गई हैं।

ये टीमें प्रतिदिन 6-6 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। प्रत्येक टीम में आईसीएआर, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, जन प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, एफपीओ एवं एफआईजी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

### गौरकांपा में कल धूमधाम से मनाई जाएगी शनि जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विकासखण्ड पंडरिया के गौरकापाधाम में स्थित श्री शनि मंदिर में श्री शनि जन्म महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया जायेगा। इस संबंध में आयोजक गणेश जी हनुमान जी महाराज श्रीश्री 108 श्री विवेकगिरी महाराज एवं समस्त शनि भक्त श्री सिद्ध शिव शनिधाम गौरकापा से मिली जानकारी के अनुसार शनि जयंती के अवसर पर 27 मई को मंदिर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस दिन प्रातः 7.00 बजे 108 दीप माला से शनि महाराज की महाआरती की जायेगी। इससे पूर्व प्रातः 4.00 बजे पूजा प्रारंभ कर दी जायेगी तथा शनि स्त्रोत, शनि चालीसा, सहस्त्रनाम, शनिमंत्र जाप, हवन पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आव्हान किया है।



### निधन

#### अतुल धर दीवान



**नवागढ़।** सुकुल पारा निवासी अतुल धर दीवान (46 ) का शनिवार की रात निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर परिवारजन, नगर के गणमान्य नागरिक और शुभचिंतक शामिल हुए। वे बंशीधर दीवान के भतीजा और शक्तिधर दीवान के भाई एवं विकास धर दीवान के चाचा लगते थे।

**लोगों को बताई गई भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य की गाथा**

# मातृशक्ति की अभिनव पहल, नगर में निकाली गई सिंदूर शौर्य यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मन समर्पित, तन समर्पित और यह जीवन समर्पित की भावनाओं के साथ कवर्धा की मातृशक्ति ने अभिनव कदम उठाते हुए भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने के उद्देश्य से गत शनिवार को सिंदूर शौर्य यात्रा का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच, कबीरधाम के तत्वाधान में आयोजित यह यात्रा श्रीराम मंदिर पुराना कचहरी से युनियन चौक, राधाकृष्ण मंदिर करपात्री चौक, शीतला माता मंदिर, सराफा लाईन, आजाद चौक, गुरुनानक गेट से होते हुए गांधी मैदान कवर्धा पहुंची जहां एक सभा के रूप में समाप्त हुई। सिंदूर शौर्य यात्रा के दौरान मार्ग पर भारतमाता की जय, भारतीय सेना की जय, हमारी भारतीय सेना के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता क्यों पड़ी जिसके बारे में सभी आमजनों को माईक के माध्यम से सभी चौक चौराहों पर बताया गया कि किस प्रकार हमारी सेना ने अपने अद्भुत पराक्रम कौशल का प्रदर्शन कर पाकिस्तान के नौ सैन्य अड्डे को ध्वस्त कर दिया। सभा में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शासकीय महाविद्यालय लोहारा की प्राचार्य श्रीमती कांति सिंह परिहार ने सभा में उपस्थित जनो को ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताया। इस ऑपरेशन में भारत की महिला सैनिकों के योगदान को चिन्हांकित करते हुए उन्होंने भारत की सैन्य एवं कूटनीतिक क्षमता का उल्लेख किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंत में सैनिक कल्याण परिषद के पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया।

राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच, जिला कबीरधाम के सिंदूर शौर्य सभा का मंच संचालन श्रीमती नम्रता मोदी के द्वारा किया गया। सिंदूर शौर्य यात्रा को सफल बनाने में श्रीमती सतविंदर पाहुजा, श्रीमती रानी पाली, श्रीमती लता बैस, अदिति मिश्रा, श्रीमती सुरेखा पाली, श्रीमती अदिति कश्यप, श्रीमती सविता ठाकुर, श्रीमती मनीषा साहू, श्रीमती मंजू पाटस्कर, श्रीमती आरती कौशिक आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

